				4	चित्रदुर्गा	25
		कुल				**100**
14	केरल	22	कोझिकोड	1	कोझिकोड	25
				2	कन्नूर	25
				3	कासरगोड	25
				4	त्रिशूर	25
		कुल				**100**
15	मध्य प्रदेश	23	भोपालक	1	भोपाल	25
				2	विदिशा	25
				3	रायसेन	25
				4	सिहोर	25
		कुल				**100**
		24	खण्डवा	1	खण्डवा	25
				2	छिन्दवाड़ा	25
				3	हरदा	25
				4	बेतूल	25
		कुल				**100**
		25	इन्दौर	1	इन्दौर	25
				2	धार	25
				3	झबूआ	25

				4	खरगांव	25
		कुल				**100**
16	महराट्र	26	सांगली	1	थाने	25
				2	कोल्हापुर	25
				3	सतारा	25
				4	पणजी	25
		कुल				**100**
		27	अमरावती	1	अमरावती	25
				2	अकोला	25
				3	यवतमाल	25
				4	नान्देड	25
		कुल				**100**
		28	अहमदनगर	1	अहमदनगर	25
				2	बीड	25
				3	नासिक	25
				4	रायगढ़	25
		कुल				**100**
17	मणिपुर	29	इम्फाल	1	इम्फाल	25
				2	चुराचन्द्रपुर	25
				3	बिशनपुर	25
				4	तार्नेगलांग	25
		कुल				**100**
18	मेघालय	30	पश्चिम गारो हिल्स	1	पश्चिम गारो हिल्स	25
				2	पूर्वी खासी हिल्स	25
				3	पूर्वी गारो हिल्स	25
		कुल				**75**
19	नागालैण्ड	31	कोहिमा	1	कोहिमा	25
				2	मोकोकचुंग	25
				3	वोखा	25
				4	फेक	25
		कुल				**100**
20	उड़ीसा	32	क्योंझार	1	क्योंझार	25
				2	फुलबानी	25
				3	सुन्दरगढ	25
				4	सम्बलपुर	25
		कुल				**100**
		33	बालासोर	1	बालासोर	25
				2	केन्द्रपाड़ा	25
				3	धेनकनाल	25
				4	नौपाड़ा	25
		कुल				**100**
21		34	पुड्डुचेरी	1	पुड्डुचेरी	25

				2	कराईकल	25
				3	माहे	25
		कुल				**75**
22	पंजाब	35	भटिण्डा	1	भटिण्डा	25
				2	होशियारपुर	25
				3	फरीदकोट	25
				4	रोपड़	25
		कुल				**75**
		36	फतेहगढ़ साहिब	1	फतेहगढ़ साहिब	25
				2	पटियाला	25
				3	जालन्धर	25
				4	लुधियाना	25
		कुल				**100**
23	राजस्थान	37	उदयुपर	1	उदयपुर	25
				2	चित्तौड़गढ़	25
				3	राजसमन्द	25
				4	भीलवाड़ा	25
		कुल				**100**
		38	जोधपुर	1	जोधपुर	25
				2	पाली	25
				3	जालोर	25
				4	नागौर	25
		कुल				**100**
		39	जयपुर	1	टोंक	25
				2	अजमेर	25
				3	सवाई माधोपुर	25
				4	जयपुर	25
		कुल				**100**
24	तमिलनाडु	40	वेलुपुरम	1	विल्लूपूरम	25
				2	तिरूवन्नामलाई	25
				3	धरमपुरी	25
				4	कुड्डालोर	25
		कुल				**100**
		41	नागरकोविल (कन्याकुमारी)	1	नागरकोविल (कन्याकुमारी)	25
				2	सिवगंगा	25
				3	तिरूनेवेल्ली	25
				4	विरूदानगर	25
		कुल				**100**
		42	तिरूचरापल्ली	1	तिरूचरापली	25
				2	तिरूवरूर	25
				3	नागापत्तनम	25
				4	पुडुकोटाई	25
		कुल				**100**
25	उत्तर प्रदेश	43	बरेली	1	बरेली	25
				2	बदायूँ	25

				3	शाहजहांपुर	25
				4	मुरादाबाद	25
		कुल				**100**
		44	लखनऊ	1	लखनऊ	25
				2	सीतापुर	25
				3	बाराबांकी	25
				4	गोण्डा	25
				5	कानपुर देहात	25
		कुल				**125**
		45	गोरखपुर	1	गोरखपुर	25
				2	देवरिया	25
				3	आजमगढ़	25
				4	बस्ती	25
		कुल				**100**
		46	इलाहाबाद	1	इलाहाबाद	25
				2	मिर्जापुर	25
				3	जौनपुर	25
				4	फतेहपुर	25
				5	बान्दा	25
		कुल				**125**
		47	झांसी	1	झांसी	25
				2	जालोन	25
				3	हमीरपुर	25
				4	ललितपुर	25
				5	मैनपुरी	25
				6	इटावा	25
		कुल				**150**
26	उत्तरांचल	48	हरिद्वार	1	हरिद्वार	25
				2	पौड़ी	25
				3	देहरादून	25
				4	टिहरी गढ़वाल	25
		कुल				**100**
27	पश्चिम बंगाल	49	पूर्वी मिदनापुर	1	पूर्वी मिदनापुर	25
				2	हावड़ा	25
				3	पश्चिम मिदनापुर	25
				4	हुगली	25
		कुल				**100**
		50	बांकुरा	1	बाकुरा	25
				2	पुरूलिया	25
				3	वर्धमान	25
				4	बीरभूम	25
		कुल				**100**

भाग IV. खेल प्रोत्साहन कार्यक्रम

8. युवा मंडलों के लिए खेल सामग्री का प्रावधान

विषयः **ग्रामीण युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना।**

उद्देश्य :

- **ग्रामीण युवाओं में खेल को एक जीवन शैली के रूप में लोकप्रिय बनाना।**
- **युवा मंडलों को मूलभूत खेल सामग्री उपलब्ध कराना, जिससे वे कुछ खेल की गतिविधियों का आयोजन कर सकें।**
- **युवाओं में खेल संस्कृति का विकास करना जिससे कि वे नियमित रूप से खेल सकें, न कि कभी–कभी।**

उपरोक्त कार्यक्रम के तहत, संबंधित जिले के जिला युवा समन्वयक केवल उन्हीं युवा मंडलों के आवेदनों पर विचार करेंगे जो निम्नलिखित न्यूनतम मापदण्डों को पूरा करेंगेः–

⇒ युवा मंडल को सोसायटी पंजीयन अधिनियम अथवा लागू राज्य अधिनियम के तहत पंजीकृत होना चाहिए/जिला नेहरू युवा केन्द्र से सम्बद्ध होना चाहिए।

⇒ युवा मंडल को गत दो वित्त वर्षों के दौरान नेहरू युवा केन्द्र के कार्यक्रमों में भाग लिए होना चाहिए।

⇒ युवा मंडलों के पास खेल के लिए न्यूनतम मूलभूत सुविधायें होनी चाहिए अथवा वे इसे स्कूल अथवा अन्य संगठनों से व्यवस्था कर सकते हों।

⇒ युवा मंडल को हाल में कम से कम एक खेल की गतिविधियों को आयोजित किए अथवा उसमें भाग लिए होना चाहिए।

⇒ युवा मंडल जिला नेहरू युवा केन्द्र के लगातार सम्पर्क में हो या अपनी गतिविधियों के बारे में प्रगति भेजता रहा हो।

⇒ ग्रामीण युवा मंडल, युवा विकास केन्द्र अथवा ग्रामीण सूचना प्रौद्योगिकी युवा विकास केन्द्र के आवेदनों पर भी विचार किया जाएगा।

इच्छुक युवा मंडलों से **संलग्नक–एक्स** पर तत्काल आवेदन आमंत्रित किया जाएगा तथा उसे **संलग्नक–वाई** के रूप में दिए गए प्रपत्र पर संग्रहीत किया जाएगा। खेल सामग्री प्रदान करने के लिए सम्यक् तरीके से गठित समिति द्वारा आवेदक युवा मंडलों में से पात्र युवा मंडलों का चयन किया जाएगा। **चयन समिति का गठन जोकि क्रय समिति** भी होगी, निम्नवत होगाः

पदनाम	**स्थिति**
जिला युवा समन्वयक	अध्यक्ष

लेखा लिपिक सह टंकक	सदस्य सचिव
⇒ विभिन्न प्रखंडों के 05 युवा मंडलों के अध्यक्ष अथवा प्रतिनिधि ⇒ कम से कम 01 प्रतिनिधि युवती मंडल से होना चाहिए।	सदस्य

व्याख्या: **प्रत्येक जिले में इस कार्यक्रम के तहत चयनित युवा मंडलों को आधारभूत खेल सामग्री प्रदान की जाएगी।**

बजट का निर्धारण:

युवा मंडलों के लिए खेल सामग्री की खरीद हेतु प्रति युवा मंडल रु. 2000/– की दर से राशि निश्चित की गई है। इस राशि को जिले में युवा मंडलों की संख्या (जिनको खेल सामग्री प्रदान की जाएगी) से गुणा कर लिया जाएगा। खेल सामग्री युवा मंडलों को निम्नलिखित के अनुसार प्रदान किया जाएगा:–

जिले में प्रखंड	**युवा मंडलों की संख्या जिन्हें खेल सामग्री दी जाएगी**	**बजट :** रु. 2000/– प्रति युवा मंडल की दर से
0–5	78	1,56,000.00
6–14	98	1,96,000.00
15 अथवा उससे अधिक	128	2,56,000.00

टिप्पणी :

⇒ आवश्यकता आधारित खेल सामग्रियों की खरीद सभी औपचारिकताओं का पूरी तरह से पालन करने के पश्चात की जाएगी। खरीद प्रथम तिमाही में की जानी चाहिए तथा उसे खेल प्रतियोगिताओं और खेल प्रशिक्षणों के लिए चयनित युवा मंडलों को वितरित किया जाना चाहिए।

⇒ यही समिति विभिन्न स्तरों पर खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए खेल सामग्री की खरीद करेगी, जिसके लिए जिला नेहरू युवा केन्द्र के आकार के आधार पर राशि निर्धारित की गई है।

9 एवं 10 प्रखंड एवं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं

लक्ष्य:

इस योजना का लक्ष्य ओलंपिक/देशी एवं स्थानीय रूप से लोकप्रिय खेलों में लीग/समूह खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करके स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन की विचारधारा को लोकप्रिय बनाना है।

उद्देश्य :

- ग्रामीण युवाओं में शारीरिक स्वास्थ्य एवं खेल संस्कृति को बढ़ावा देना।
- उन ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देना जिसमें कम से कम ढ़ांचागत सुविधाओं, मशीनों तथा धन की आवश्कता होती है।
- खेल को जीवन पद्धति का हिस्सा बनाना।

विषयवस्तुः

कबड्डी, वालीबाल, बैडमिंटन, फुटबाल, जैसे समूह खेलों के अलावा एथलेटिक गतिविधियां जैसे क्रास कंट्री, वॉक या रन, लम्बी कूद, रस्साकसी, भाला फेंकना, गोला फेंकना और जैवलिन फेंकना आदि की प्रतियोगितायें प्रखंड एवं जिले स्तर पर आयोजित की जाएंगी।

स्वरूपः

- पहले लीग / समूह खेलों का आयोजन स्वैच्छिक आधार पर गांव स्तर पर आयोजित किया जाएगा।
- फिर प्रखंड/उपखण्ड स्तर की खेल प्रतियोगिताएं होंगी।
- इसके बाद जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

प्रखंड / उपखण्ड स्तर के समूह खेलों के विजेताओं को उसी खेल में जिले स्तर पर खेलना होगा।

कार्यक्रम की अवधिः

- इन खेल प्रतियोगिताओं की अवधि आवश्यकता के अनुसार रखी जा सकती है, लेकिन यह किसी भी दशा में तीन दिन से अधिक की नहीं हो सकती है।
- इसके अलावा, खेलों का बजट वही रहेगा, और बजट का खेल के आयोजन के दिनों की संख्या से कोई लेना–देना नहीं होगा।

प्रत्येक कार्यक्रम में प्रतिभागियों की संख्या : खेल की जरूरत के अनुसार

बजट

प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं प्रत्येक जिले में प्रखंडों की संख्या के अनुसार आयोजित की जाएंगी और इसके लिए निम्नलिखित पद्धति अपनायी जाएगी :

जिले प्रखंडों सहित	प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं की संख्या	बजट : प्रति प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रु. 15,000 / – की दर से	जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं की संख्या	बजट : जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बजट रु. 40,000
0–5	3	45,000.00	1	40,000.00
6–14	5	75,000.00	1	40,000.00
15 या अधिक	8	1,20,000.00	1	40,000.00

टिप्पणीः

- विभिन्न स्तरों पर प्रत्येक खेल प्रतियोगिता में कम से कम पांच खेलों (ओलंपिक/देशी/स्थानीय स्तर पर लोकप्रिय) का आयोजन किया जाएगा।
- प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता खुद ही जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए योग्य हो जाएंगे।

भाग V. राष्ट्रीय एकीकरण, सामुदायिक सौहार्द, सद्भावना एवं शांति

11 एवं 12 ब्लाक एवं जिला लोक संस्कृति उत्सवः

विषयवस्तु : राष्ट्रीय एकता, सामुदायिक सौहार्द, सद्भावना एवं शांति

उद्देश्यः

⇒ जिले के पारंपरिक संस्कृति के बहुआयामी परिदृश्य को रेखांकित करना तथा विविध सांस्कृतिक गतिविधियों में युवाओं की प्रतिभागिता को बढ़ावा देना।

⇒ समृद्ध पारंपरिक लोक गीत, लोक नृत्य एवं लोक कलाओं पर प्रकाश डालना और उनका संरक्षण करना।

⇒ युवाजनों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना।

⇒ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सामुदायिक सौहार्द, सद्भावना एवं शांति को बढ़ावा देना।

स्तर : जिला

कार्यक्रम की अवधि : एक या दो दिन

विषय के बारे में :

जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में प्रत्येक कार्यक्रम प्रखंड से दो या तीन टीमें भाग लेंगी। इसी तरह से राज्य स्तरीय उत्सव में प्रत्येक जिले से एक या दो टीमें भाग लेंगी।

प्रत्येक कार्यक्रम में प्रतिभागियों की संख्याः

- अधिकतम युवा कलाकारों/प्रस्तोताओं की प्रतिभगिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

बजट का निर्धारण :

प्रत्येक जिले में ब्लाक स्तरीय सांस्कृतिक उत्सवों का आबंटन जिले में ब्लाकों की संख्या और निम्नलिखित आधार पर किया गया है ।

प्रखंड सहित ब्लाक	प्रखंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सवों की संख्या	प्रखंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सवोंके लिए रू. 10000/- की दर से बजट	जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संख्या	प्रति जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सवों के लिए रू. 20,000/- की दर से बजट
0 - 5	3	30,000.00	1	20,000.00
6 - 14	5	50,000.00	1	20,000.00
15 या इससे अधिक	8	80,000.00	1	20,000.00

13. जिला युवा पुरस्कार (व्यक्तिगत):

जिला युवा पुरस्कार कार्यक्रम के तहत, पुरस्कार उस युवा को दिया जाएगा, जिसने समाज सेवा और युवा विकास की गतिविधियों के विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया हो। जिला युवा पुरस्कार के लिए विचार करते समय, स्वैच्छिक गतिविधियों के निष्पादन के दौरान उनके द्वारा प्रदर्शित नेतृत्व के गुण को भी ध्यान में रखा जाएगा। यह कार्यक्रम युवा स्वयंसेवकों एवं युवा नेताओं को उनकी निस्वार्थ सेवाओं तथा सामाजिक/विकास के मोर्चे पर उनके समर्पित सर्वोत्कृष्ट कार्यों के लिए सहयोग प्रदान करने का एक अवसर प्रदान करता है। पुरस्कार के लिए युवाओं के बारे में विचार करते समय उनके नवीनतम विचारों एवं पहल का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए।

उद्देश्य, चयन की प्रक्रिया एवं पुरस्कार वितरण समारोह ठीक वैसे होंगे जैसे पिछले वर्ष थे।

बजट का निर्धारण:

प्रत्येक जिले में युवा पुरस्कारों की संख्या	**दर**	**प्रत्येक जिले के लिए राशि** (रुपए में)
02 (1:1 महिला पुरुष औसत)	5,000 प्रत्येक पुरस्कार के लिए	10,000.00

प्रत्येक जिला युवा पुरस्कार में एक प्रमाणपत्र एवं रु. 5,000/– की राशि शामिल होगी। **प्रत्येक नेहरू युवा केन्द्र केवल दो पुरस्कार एक युवती एवं युवक को ही प्रदान करेंगे**। ये पुरस्कार जहां एक ओर पुरस्कार प्राप्त करने वाले व्यक्ति के लिए एक प्रोत्साहन होंगे वहीं दूसरी ओर भविष्य में जिले के अन्य लोगों के लिए एक उदाहरण बनेगा। **पुरस्कार की राशि केवल रेखांकित चेकों द्वारा ही प्रदान की जाएगी**।

14. (अ) राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दिवसों का आयोजन

उद्देश्यः

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दिवसों एवं दिनों के महत्व, उद्देश्य, विषयवस्तु एवं उसके दर्शन के बारे में जागरुकता पैदा करना।

कार्यक्रम की विषयवस्तुः

प्रत्येक जिला नेहरू युवा केन्द्र निम्नलिखित सूची से कम से कम 10 महत्वपूर्ण दिनों को मनाएंगे–

दिन का नाम	प्रकृति
सद्भावना दिवस–20 अगस्त	अनिवार्य
हिन्दी दिवस–14 सितम्बर	अनिवार्य
गांधी जयंती–विश्व अहिंसा दिवस–2 अक्टूबर	अनिवार्य
नेहरू युवा केन्द्र संगठन स्थापना दिवस–14 नवम्बर	अनिवार्य
राष्ट्रीय एकीकरण दिवस (कौमी एकता दिवस)–19 नवम्बर	अनिवार्य
सतर्कता दिवस	अनिवार्य
निम्नलिखित में से कोई **चार** : 26 जनवरी/15 अगस्त (गणतंत्र दिवस/स्वतंत्रता दिवस), 5 दिसम्बर (अन्तर्राट्रीय स्वयं सेवक दिवस), 23 जनवरी (नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिन), 30 जनवरी (महात्मा गांधी का बलिदान दिवस), 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, 8 मार्च (राष्ट्रीय महिला दिवस), 23 मार्च भगत सिंह जी का शहीदी दिवस, 14 अप्रैल (डा. अम्बेडकर जयन्ती) एवं स्थानीय जरूरत के अनुसार कोई भी महत्वपूर्ण दिन	

कार्यक्रम की अवधि : प्रत्येक एक दिन

प्रत्येक कार्यक्रम में प्रतिभागियों की संख्याः

कम से कम 100 (प्रत्येक कार्यक्रम को मनाने के दौरान युवाओं एवं समाज के हर वर्ग के सम्माननीय लोगों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए)

बजट का निर्धारणः

क्र. सं.	कार्यक्रम का नाम	स्तर	बजट (रुपए में)
1	महत्वपूर्ण राष्ट्रीय /अंतर्राष्ट्रीय दिवसों/सप्ताहों का आयोजन	जिला स्तर	42,000/–

15. राष्ट्रीय युवा दिवस एवं सप्ताह का आयोजन (12 जनवरी से 19 जनवरी)

उद्देश्य:

राष्ट्रीय युवा दिवस एवं सप्ताह के बारे में और विशेषकर स्वामी विवेकानंद के दर्शन एवं शिक्षाओं के बारे में युवाओं के बीच जागरुकता पैदा करना।

कार्यक्रम की अवधि : 08 दिन (**राष्ट्रीय युवा सप्ताह के आयोजन के कैलेंडर के अनुसार**)

प्रत्येक कार्यक्रम में प्रतिभागियों की संख्या :

कम से कम 100 (प्रत्येक कार्यक्रम को मनाने के दौरान युवाओं एवं समाज के हर वर्ग के सम्माननीय लोगों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए)

आयोजन की अवधि:

सभी नेहरू युवा केन्द्र विभिन्न प्रखंडों में 12 से 19 जनवरी तक राष्ट्रीय युवा दिवस एवं सप्ताह का आयोजन करेंगे। प्रत्येक राष्ट्रीय सेवा कर्मी प्रखंड में कम से कम एक मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा एवं किसी भी युवा मंडल में एक से अधिक कार्यक्रम नहीं आयोजित किया जाएगा।

एकक बजट :

क्र.सं.	कार्यक्रम का नाम	स्तर	राशि (रुपए में)
1	राष्ट्रीय युवा दिवस एवं सप्ताह का अयोजन	प्रखंड एवं जिला स्तर	16,000/–

टिप्पणी : राशि निम्नलिखित के अनुसार व्यय की जाएगी:

- राष्ट्रीय युवा सप्ताह के प्रत्येक दिन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
- जलपान, आयोजन व्यय, पुरस्कार आदि में राशि व्यय की जाएगी।

16. कार्य शिविर:

इस कार्यक्रम का उद्देश्य है युवा मंडलों के सदस्यों के बीच स्वयंसेवा एवं सहयोग की भावना का विकसित करना।

कार्य शिविरों का आयोजन इस तरह से किया जाएगा जिससे युवाओं में सामाजिक एवं नागरिक दायित्व की भावना का विकास हो सके तथा सामुदायिक परिसम्पत्ति का निर्माण हो सके तथा सामुदायिक प्रतिभागिता को बढ़ावा मिले।

शिविर की अवधि : 05 दिन

प्रत्येक शिविर में प्रतिभागियों की संख्या : –30 (1:1 के अनुपात में महिला एवं पुरुष)

बजट का निर्धारण:
एक जिले में कार्यशिविरों की संख्या निम्नलिखित प्रक्रिया के अनुसार निर्धारित की गई है:–

जिले में प्रखंड	**कार्यक्रमों की संख्या**	**बजट : रु. 20,000 की प्रति कार्य शिविर की दर से**	**टिप्पणी**
0–5	3	60,000.00	बजट का उपयोग सामुदायिक परिसम्पत्तियों का निर्माण करने तथा कच्ची सामग्री की खरीद, प्रतिभागियों के लिए आवास एवं भोजन व्यवस्था एवं आयोजन संबंधी खर्च इत्यादि के लिए किया जाएगा।
6–14	5	1,00,000.00	
15 या अधिक	8	1,60,000.00	

टिप्पणी : महानगरीय नेहरू युवा केन्द्रों में कार्य शिविर संभव नहीं है। इसलिए केन्द्रों को इसी राशि का परियोजना प्रस्ताव संबंधित मंडल निदेशक के पास स्वीकृति हेतु प्रेषित करेंगे।

प्रस्ताव के लिए विषयवस्तु की सूची, केवल उदाहरण के लिए:

यद्यपि कार्यक्रम के लिए विषय पूरी तरह से युवा मंडलों की स्थानीय जरूरत के अनुरूप होंगे, फिर भी कोई गलतफहमी न रह जाए, इसलिए उदाहरण के रूप में कुछ विषयों की सूची निम्नवत है:–

- उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम
- संसाधन संवर्धन तकनीक
- संवाद कुशलता
- मल्टी मीडिया
- परियोजना तैयार करना
- अभिलेख तैयार करने की तकनीक
- समन्वय की रणनीति
- समय प्रबंधन
- कैरियर परामर्श एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन
- मुद्दे पर आधारित कौशल प्राप्त करना
- प्रतिभागी अनुसंधान
- विरोध एवं विवाद निपटान क्षमता
- सामाजिक विकास कार्यक्रम यथा–स्लम क्षेत्र में सफाई एवं स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य एवं वातावरण शिक्षा।

उपरोक्त सूची सिर्फ उदाहरण के लिए है। युवा समन्वयक अपने स्तर पर अपनी जरूरत के अनुसार उपरोक्त सूची के अलावा भी कार्यक्रम तैयार कर सकते हैं।

गतिविधियां :

⇒ परियोजना कार्य(श्रमदान)

⇒ समूह चर्चा/शैक्षिक सत्र

⇒ सांस्कृतिक कार्यक्रम

⇒ सामुदायिक गान

⇒ कैम्प फायर

जो परियोजनाएं नहीं ली जाएंगीः
कच्ची सड़क का निर्माण, गलियों एवं नालों की सफाई, पेड़ लगाना, सोख्ता गड्ढों की खुदाई करना इत्यादि कार्य कार्य शिविर में नहीं किए जाएंगे।

टिप्पणी :

⇒ युवा समन्वयक कार्य शिविरों के आयोजन के दौरान सामुदायिक सम्पत्तियों का निर्माण करेंगे, जिसमें युवा मंडल का भवन, मकान/झोपड़े (जिन्हें प्राकृतिक/मानवजन्य आपदाओं ने नष्ट कर दिया हो) इत्यादि शामिल हैं।

⇒ यदि युवा समन्वयक एक बड़ी परियोजना हाथ में लेते हैं जो एक कार्यशिविर में संभव नहीं है तो दो कार्यशिविरों को एक साथ जोड़कर कार्य को सम्पन्न किया जा सकता है, जिसके लिए मंडल निदेशक की स्वीकृति आवश्यक होगी।

⇒ यदि आवास एवं भोजन की व्यवस्था अथवा कच्चे सामग्री की पूर्ति स्थानीय संसाधनों से पूरी हो जाती है तो इससे बचे हुए धन को शिविर के दूसरे हेड में प्रयोग किया जा सकता है।

17. जिला युवा सम्मेलन

इस कार्यक्रम का लक्ष्य है सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों से परिचित कराना। इसके अलावा, इन कार्यक्रमों में जिले स्तर पर युवा नेताओं, विभिन्न विकास एजेंसियों के प्रतिनिधियों एवं मीडिया के लोगों को चल रहे और नए शुरू होने वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं के बारे में सूचना एवं ओरिएंटेशन प्रदान किया जाएगा।

उद्देश्यः

⇒ युवाओं को ओरिएंटेशन देना, अनुभवों का आदान–प्रदान तथा सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों के बारे में जानकारी प्रदान करना आदि।

⇒ लोगों और विशेषकर युवाओं के बीच में प्राप्त जानकारी को प्रसारित करने के लिए युवाओं का तैयार करना।

सम्मेलन की अवधिः –01 दिन

सम्मेलन में प्रतिभागियों की संख्या : 100 (1:1 महिला एवं पुरुषों का औसत) जिले के समस्त भागों के प्रतिनिधित्व

एक जिले में कार्यक्रमों की संख्या : एक

ईकाई बजट : रु. 20,000/–
(बजट का प्रयोग जलपान एवं आयोजन के व्यय में किया जाएगा)

भाग – VI अन्य

18. युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति की बैठक :

युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति युवा विकास के लिए विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी एजेंसियों के साथ बेहतर सम्पर्क सुनिश्चित करती है । युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजन करते समय र्वा 2006 - 07 के दौरान प्रसारित संचालन योजना का पालन किया जाए ।

उद्देश्य	ठीक वैसेही रहेगा जैसा पिछले र्वा था
प्रतिभागियों की संख्या	युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति के गठन के अनुसार

बजट :

प्रत्येक जिला नेहरू युवा केन्द्र में बैठकों की संख्या	प्रत्येक जिला नेहरू युवा केन्द्र के लिए बजट (रूपये में)	इस राशि का उपयोग जलपान एवं अन्य आयोजन संबंधी व्यय के लिए किया जाए ।
न्यूनतम बैठकें	4,000.00	इस राशि का उपयोग जलपान एवं अन्य आयोजन संबंधी व्यय के लिए किया जाए ।

19. अभिलेखीकरण :

उद्देश्य
सुव्यवस्थित अभिलेख को तैयार करना है । (साफ्ट एवं हार्ड दोनों प्रकार से) इसमें जिला प्रोफाईल, डाटा बेस, नेहरू युवा केन्द्र द्वारा विगत र्वा के दौरान आयोजित कार्यक्रम एवं गतिविधियों के पेपर कटिंग, एक्शन फोटो आदि शामिल है ।

प्रत्येक जिले के लिए बजट : रु. 5000/–

टिप्पणीः
अभिलेख तैयार करते समय अधिकतम ध्यान दिया जाएगा। अभिलेख जरूरत के अनुसार हों और प्रयोग करने वाले के लिए आसान हों जिससे उसमें कार्यक्रम सहित जिले की सभी महत्वपूर्ण सूचनायें समाहित की जा सकें। इसे साफ–साफ टाइप (कम्पयूटर पर) होना चाहिए। उसकी कुछ प्रतियां जिला प्रशासन को भी भेजी जानी चाहिए।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम

भाग I युवा कार्यक्रमों के बारे में

1. युवाओं के लिए हस्तशिल्प प्रदर्शनी (युवाकृति) एवं राज्य स्तरीय उत्सव—मंडल स्तरीय

उद्देश्यः

⇒ युवाओं की सहज प्रतिभा को प्रोत्साहित करना।

⇒ पारंपरिक एवं ग्रामीण हस्तशिल्प को प्रोत्साहन प्रदान करना।

⇒ ग्रामीण युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करना और उनको बढ़ावा देना।

⇒ युवाओं को स्वावलम्बी रोजगार शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण बाजार को बढ़ावा देना।

⇒ राज्य के बहुआयामी सांस्कृतिक धरोहर को प्रस्तुत करना तथा युवाओं को विविध सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभागिता के लिए बढ़ावा देना।

⇒ लोकगीत, लोकनृत्य एवं लोक कलाओं को प्रस्तुत करना तथा उनका संरक्षण करना।

⇒ युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना।

⇒ राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सौहार्द, सद्भावना एवं शांति को बढ़ावा देना।

विषयः

⇒ स्थानीय हस्तशिल्प/स्वयं सहायता समूहों के हस्तशिल्पों का प्रदर्शन

⇒ हस्तशिल्प में कलाकारों द्वारा अपनी प्रतिभा का जीवंत प्रदर्शन।

⇒ ई—मार्केटिंग

⇒ गुणवत्ता नियंत्रण।

⇒ लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कार्यक्रम की अवधिः —3 दिन

प्रतिभागियों की संख्या : मंडल के सभी जिला नेहरू युवा केन्द्रों से प्रतिभागियों की संख्या मंडल निदेशकों द्वारा तय की जाएगी। लेकिन प्रयास होना चाहिए कि अधिक से अधिक संख्या में युवा कलाकारों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जा सके।

कार्यक्रमों की संख्याः 28 (01 प्रत्येक मंडल में)

बजटः रु. 4,00,000/—
(यह राशि आवास एवं भोजन, यात्रा भत्ता, स्टॉल लगाने, आयोजन संबंधी व्यय, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच आदि तैयार करने में किया जाएगा)।

स्टॉल पर प्रदर्शन : कम से कम 25 स्टॉल
सांस्कृतिक टीम : कम से कम 25 टीम

अतिरिक्त कथन : प्रतिभागिता के लिए उन स्वयं सहायता समूहों को वरीयता दी जाएगी, जिनके पास व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र होंगे।

फॉलोअप : युवाकृति के फॉलोअप के रूप में ग्रामीण विपणन नेटवर्क तैयार किया जाना चाहिए।

संदर्भ एजेंसियों/संस्थानों के साथ समन्वयः राज्य के लघु उद्योगों, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, गैर सरकारी संगठन, हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट विभाग, संस्कृति विभाग इत्यादि

2. राज्य युवा पुरस्कार (व्यक्तिगत) : राज्य/संघक्षेत्र

राज्य युवा पुरस्कार योजना के तहत पुरस्कार उन युवाओं को दिया जाएगा, जिन्होंने समाज सेवा/विकास की गतिविधियों के क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में युवा कार्यों के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राज्य युवा पुरस्कार के लिए युवाओं के बारे में विचार करते समय स्वैच्छिक कार्यों के दौरान उनके द्वारा प्रदर्शित नेतृत्व के गुणों को एक मानदण्ड के रूप में देखा जाए। राज्य स्तर पर पुरस्कार के लिए जिले स्तर पर पुरस्कृत युवाओं पर विचार किया जाएगा।

बजट का विवरण :

पुरस्कारों की संख्या	**दर** (रुपए में)	**राशि** (रुपए में)
02 (1:1 महिला पुरूष औसत)	रु. 15,000/– प्रत्येक पुरस्कार के लिए	रु. 30,000/–

राज्य युवा पुरस्कार में एक प्रमाणपत्र तथा रु. 15,000/– की राशि शामिल होगी। प्रत्येक राज्य/संघक्षेत्र केवल दो पुरस्कार देंगे एक महिला को तथा एक पुरुष को। ये पुरस्कार विजेताओं के लिए जहां प्रोत्साहन का कारण बनेंगे वहीं पर भविष्य में राज्य के अन्य लोगों के लिए भी उदाहरण बनेंगे।

पुरस्कार वितरण समारोह (व्यक्तिगत):

राज्य युवा पुरस्कार समारोह का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र संगठन के स्थापना दिवस पर यानी 14 नवम्बर को किया जाएगा। उत्कृष्ट युवा मंडल के लिए पुरस्कार कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय पुरस्कार भी इसी समारोह में प्रदान किये जाएंगे। पुरस्कार विजेताओं के लिए यात्रा एवं दैनिक भत्ता तथा आवास एवं भोजन व्यवस्था राज्य स्तर पर युवा मंडलों के पुरस्कार वितरण समारोह के आयोजन हेतु निर्धारित बजट की राशि से किया जाएगा।

चयन की प्रक्रिया तथा संचालन का विवरण गत वर्ष की भांति ही रहेगा।

3. समीक्षा सह योजना बैठकः

उद्देश्य:

- नेहरू युवा केन्द्र संगठन के चल रहे कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की समीक्षा एवं सकारात्मक सुधार की सलाह।
- युवा विकास के लिए नई योजनाएं एवं कार्यक्रम तैयार करना, युवा मंडलों के मौजूदा नेटवर्क को मजबूती प्रदान करने के लिए उन्हें मजबूत बनाने हेतु सुदृढ़ करने संबंधी सुझाव।
- युवा विकास के कार्यक्रमों के बारे में सरकार की चल रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों (केन्द्र एवं राज्य दोनों स्तरों पर) के बारे में सूचनाओं का आदान–प्रदान करना एवं त्वरित समन्वयन।

कार्यक्रम की विषयवस्तु

- जरूरत पड़ने पर कार्यान्वयन हेतु आपातकालीन योजना एवं रणनीति।
- माइक्रो प्लान तैयार करना।
- प्रस्तावित गतिविधियों की वरीयता तय करना।
- युवा मंडलों की वर्ष पर्यंत चलने वाली गतिविधियों की सूची तैयार करना।
- उसकी साथ–साथ मॉनिटरिंग एवं समीक्षा।

संचालन का विवरण:

- यह मंडल निदेशक का विशेषाधिकार होगा कि वह जरूरत के अनुसार इन बैठकों को बुलाये।

बैठक की अवधि: 01 दिन

प्रत्येक बैठक में प्रतिभागियों की संख्या : सभी उपनिदेशक एवं जिला युवा समन्वयक

एक मंडल में बैठकों की संख्या : 04

प्रत्येक मंडल में चार बैठकों के लिए बजट : मंडल के प्रत्येक उपनिदेशक एवं जिला युवा समन्वयक के लिए रु. 200/– की दर से।

4. युवा कार्यक्रम पर राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक :

राज्य स्तरीय युवा कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठकें न केवल राज्य स्तरीय विकास एजेंसियों के साथ टूटी कड़ियों को जोड़े रहने का माध्यम हैं, बल्कि विविध सरकारी एवं गैर सरकारी एजेंसियों के साथ राज्य में युवा विकास के बेहतर सम्पर्क बनाने में भी मददगार हैं। वर्ष 2006–07 के दौरान प्रसारित संचालन की योजना का राज्य स्तरीय युवा कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठकों के आयोजन में पालन किया जाना चाहिए।

बैठक की अवधि : 1/2 दिन

राज्य स्तर पर प्रति बैठक प्रतिभागियों की संख्या : राज्य स्तरीय युवा कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठक के संविधान के अनुसार

बजट का विवरण:

बैठकों की संख्या	राशि रू. 3000 की दर से प्रति बैठक (रू. में)	टिप्पणी
कम से कम दो बैठकें	रू. 6000/–	राशि का उपयोग हाई टी. जलपान एवं अन्य आयोजन संबंधी व्यय जिसमें फाइल फोल्डर, राइटिंग पैड, पेन, संदर्भ सामग्री, फोटोग्राफ आदि शामिल हों, पर खर्च की जाएगी।

5. अभिलेखीकरण:

उद्देश्य :

- सुव्यवस्थित अभिलेख (हार्ड एवं साफ्ट दोनों तरह से) तैयार करना, जिसमें गत वर्ष के दौरान नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित की गई गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के समाचारपत्रों की कतरने, कार्यचित्र, आंकड़े, राज्य की प्रोफाइल आदि शामिल हो।

प्रत्येक मंडल के लिए बजट : रू. 20,000/–

टिप्पणी :

अभिलेख तैयार करते समय अत्यधिक सावधानी बरती जाएगी। अभिलेख सुव्यस्थित एवं प्रयोग करने में आसान हो, जिसमें राज्य की सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं ले ली गई हों। इसे साफ–साफ टाइप (कंप्यूटर से) किया होना चाहिए। इसकी कुछ प्रतियां राज्य के अधिकारियों को भी भेजी जानी चाहिए।

कुछ अन्य जानकारी, आपेक्षित परिणाम एवं संदर्भ एजेंसियों/संस्थानों के साथ समन्वय गत वर्ष की भांति ही रहेगा।

****

राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम

राष्ट्रीय एकीकरण, साम्प्रदायिक सौहार्द, सद्भावना एवं शान्ति

1. राजीव गांधी साहसिक योजना

ग्रामीण युवाओं में एडवेंचर की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विशेष एडवेंचर शिविरों की योजना बनाई गई है जिसमें हर वर्ष 1000 नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसवेक भाग लेंगे, जिनमें से आधी संख्या बालिकाओं की होगी। इसके लिए स्वयंसेवकों का चयन कार्यक्रम अनुभाग, नेहरू युवा केन्द्र संगठन मुख्यालय द्वारा किया जाएगा जिसमें सभी राज्य एवं संघक्षेत्रों के प्रतिनिधित्व का पूरा ध्यान रखा जाएगा। स्वयंसेवकों के चयन की प्रक्रिया कार्यक्रम अनुभाग द्वारा अलग से क्षेत्र के अधिकारियों को प्रेषित की जाएगी। प्रत्येक एडवेंचर शिविर 10 दिन की अवधि (यात्रा के समय को छोड़कर) का होगा। कुछ ऐसे भी शिविरों की योजना बनाई गई है, जिसमें 100% प्रतिभागिता महिलाओ की होंगी। ये शिविर प्रत्येक वर्ष मई से अक्टूबर के बीच, स्कीइंग को छोड़कर आयोजित किए जाएंगे। इसका आयोजन दिसम्बर महीने में किया जाएगा। इन शिविरों में एडवेंचर की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें ट्रेकिंग (पर्वत एवं मरूस्थल), ह्वाइल वाटर राफ्टिंग पैरासेलिंग, पैरा ग्लाइडिंग एवं बेसिक स्कीइंग शामिल होंगी। ये शिविर मंत्रालय के निम्नलिखित मान्यता प्राप्त संस्थानों के साथ मिलकर आयोजित किए जाएगेः

- भारतीय पर्वतारोहण संस्थान
- हिन्दुस्तान माउंटेनयरिंग इंस्टीट्यूट, दार्जिलिंग
- एनएमआई, उत्तरकाशी
- डब्ल्यूएचएमआई, मनाली
- जवाहर इंस्टीट्यूट आफ माउंटेनयरिंग, जम्मू एंड कश्मीर
- नेशनल एडवेंचर फाउंडेशन
- सी एक्सप्लोरर्स इंस्टीट्यूट, कोलकाता

भारतीय पर्वतारोहण संस्थान (आईएमएफ) जोकि भारत में एडवेंचर गतिविधियों के लिए शीर्ष संस्थान है, एक इसमें मुख्य भूमिका निभाएगा और देश के अन्य मान्यता प्राप्त संस्थानों के साथ मिलकर एडवेंचर की गतिविधियों का आयोजन करेगा। इंडियन माउंटेनयरिंग फाउंडेशन इस संबंध में नेहरू युवा केन्द्र संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास केन्द्र के लिए गतिविधियों का आयोजन करने हेतु एक विशेष प्रकोष्ठ गठित करेगा। इस प्रकोष्ठ की वही स्थिति और मान्यता होगी जो कि राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रशिक्षण एवं ओरिएंटेशन केन्द्र की होती है और उसकी स्थापना का पूर्ण व्यय नेहरू युवा केन्द्र द्वारा वहन किया जाएगा। इस संबंध में खर्च को प्रतिवर्ष रु. 10 लाख तक सीमित किया गया है।

भारतीय पर्वतारोहण संस्थान (आईएमएफ) शिविरों के आयोजन के लिए पूरी तरह से जिम्मेवार होगा एवं नेहरू युवा केन्द्र संगठन मुख्यालय के कार्यक्रम अनुभाग एवं एडवेंचर संस्थान के परामर्श से अग्रिम में अनुसूची तैयार करेगा। वे चयनित स्वयंसेवकों एवं नेहरू युवा केन्द्र संगठन मुख्यालय के कार्यक्रम अनुभाग को मूल निर्देश भी दे सकते हैं । प्रत्येक एडवेंचर शिविर 10 दिन की अवधि का होगा (यात्रा की अवधि को छोड़कर) एवं उसमें 20 से 30 स्वयंसेवकों का जत्था शामिल होगा। भारतीय पर्वतारोहण संस्थान को नेहरू युवा केन्द्र संगठन पाठ्यक्रम शुल्क के रूप में रु. 500/– प्रति स्वयंसेवक प्रतिदिन की दर से एडवेंचर शिविरों के आयोजन के लिए धन उपलब्ध कराएगा, जिसमें आवास एवं भोजन, पाठ्यक्रम सामग्री, संयंत्र, विशेष कपड़े, पोर्टरेज, जीवन बीमा, प्राथमिक चिकित्सा की दवाइयां एवं संवाद की सुविधायें शामिल होंगी। एडवेंचर संस्थान टेंट, रक–सक, स्लीपिंग बैग, कैरी मैट, विंडप्रूफ जैकेट एवं तकनीकी उपकरण इत्यादि भी उपलब्ध करायेंगे।

प्रत्येक 10 स्वयंसेवकों के साथ सम्पर्क अधिकारी के रूप में एक जिला युवा समन्वयक/उपनिदेशक रहेगा (महिला स्वयंसेवकों की स्थिति में महिला जिला युवा समन्वयक)। शिविर के दौरान सम्पर्क अधिकारी का पूरा आवास एवं भोजन का खर्च स्वयंसेवकों, सम्पर्क अधिकारियों के यात्रा व्यय तथा स्वयं सेवकों को वर्दी के लिए व्यय के एक हिस्से के रूप में भारतीय पर्वतारोहण संस्थान/एडवेंचर संस्थान द्वारा वहन किया जाएगा।

बजट : 20 स्वयंसेवकों के लिए एडवेंचर शिविर

क्र. सं.	विवरण	दर (रुपए में)	राशि (रुपए में)
1.	पाठ्यक्रम शुल्क	रु. 500X20 X10	1,00,000
2.	स्वयंसेवक का यात्रा भत्ता रु. 1000/– प्रति स्वयंसेवक (वास्तविक खर्च के आधार पर)	रु. 1000 X20	20,000
3.	यात्रा प्रासंगिक भत्ता रु. 100 प्रति दिन प्रति स्वयंसेवक की दर से	रु. 100 X 20 X3	6,000
4.	सम्पर्क अधिकारी का यात्रा भत्ता	रु. 3000 X2	6,000
5.	सम्पर्क अधिकारी का मानदेय	रु. 2000 X2	4,000
6.	वर्दी (ट्रैक सूट एवं जूते)	रु. 1500 X 20	30,000
कुल			1,66,000
1000 प्रतिभागियों के लिए राशि		**1,66,000X50 शिविर**	**83,00,000**

2. पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए युवा उत्सव

भारत का सुरम्य पूर्वोत्तर क्षेत्र, जिसमें 8 राज्य आते हैं, न केवल प्रकृति का वरदान है, बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक धरोहरों का खजाना भी है। इस हिस्से की मिलीजुली संस्कृति अपनी अभिव्यक्ति कला, शिल्प, संस्कृति और संगीत संयोजन के माध्यम से करती है। हाल में ही इस क्षेत्र से अनेक प्रतिभायें उभरकर बाहर आयी हैं, तथापि उनकी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए उचित मंच न होने तथा उनके प्रदर्शन के लिए बड़े स्तर पर मंच के अभाव के कारण स्थानीय स्तर पर उनकी प्रतिभा दबी रह जाती है। इसी कारण से यह आवश्यकता महसूस की गई कि ऐसी प्रतिभाओं को एक ऐसा मंच प्रदान किया जाए जहां वे न केवल देश के बल्कि दुनिया भर से ज्यादा दर्शक पा सकें, जो उनकी सराहना कर उनका उत्साहवर्धन करें, बल्कि ऐसे लोग भी उन्हें देखें जो उनकी कला की बारीकियों के बारे में बताकर उनके प्रदर्शन को सुधारने में मदद करें।

इसे ध्यान में रखते हुए नेहरू युवा केन्द्र संगठन ने पूर्वोत्तर क्षेत्र राष्ट्रीय युवा उत्सव का प्रस्ताव किया है जिसका उद्देश्य है इन दोनों उत्तर–पूर्व के लोगों के साथ ही देश के अन्य हिस्से के लोगों को भी विविध सांस्कृतिक रूचि, भाषा, जीवन शैली, पाककला, पहनावे वाले विभिन्न क्षेत्रों तथा सांस्कृतिक स्मारक, खाली समय की गतिविधियों के दर्शन करने का अवसर उपलब्ध कराना। इसी के साथ ही उन्हें एक दूसरे की संस्कृति एवं परम्परा के साथ–साथ जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे बदलाव को जानने–समझने तथा सराहने का अवसर प्रदान करना तथा देश के दूसरे क्षेत्र के लोगों से मित्रता बढ़ाने और वर्षों–वर्षों तक बनाये के लिए प्रोत्साहित करना भी इस योजना का लक्ष्य है।

इस उत्सव के लिए तिथि एवं स्थान का निर्णय बाद में किया जाएगा। कुल 35 राज्यों एवं संघशासित क्षेत्रों के कुल 500 युवा इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

कार्यक्रम एवं गतिविधियांः

बहु सांस्कृतिक कार्यक्रम	युवा–कृति
एडवेंचर	युवा कलाकार शिविर
सांस्कृतिक संध्या	सेमिनार

बजटः रु. 10,00,000/–

3. नेहरू युवा केन्द्र संगठन स्थापना दिवस/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय दिवसों का आयोजनः

उद्देश्यः राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दिवसों के महत्व, उद्देश्य, विषयवस्तु तथा दर्शन के बारे में जागरुकता फैलाना।

कार्यक्रम की विषयवस्तुः

निम्नलिखित सूची से **पांच** महत्वपूर्ण दिवसों को मनाया जाएगाः

महत्वपूर्ण दिवस

1. सद्भावना दिवस –20 अगस्त
2. गांधी जयंती (विश्व अहिंसा दिवस) –2 अक्टूबर
3. कौमी एकता दिवस –19 नवम्बर
4. नेहरू युवा केन्द्र संगठन स्थापना दिवस –14 नवम्बर
5. शहीदी दिवस –30 जनवरी

कोई एक :

विश्व एड्स दिवस –1 दिसम्बर
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस –8 मार्च
राजगुरू, भगत सिंह एवं सुखदेव का बलिदान दिवस –23 मार्च
डा. अम्बेडकर जयन्ती - 14 अप्रैल

कार्यक्रम की अवधिः एक दिन प्रत्येक

प्रति कार्यक्रम प्रतिभागियों की संख्याः कम से कम 200 युवा नेता (1:1 महिला पुरुष औसत)

कार्यक्रमों की संख्याः कम से कम पांच महत्वपूर्ण कार्यक्रम

बजटः रु. 10,00,000/–

(इस राशि का उपयोग जलपान, बसों का किराया, आयोजन व्यय इत्यादि में किया जाएगा)।

4. आवश्यकता पर आधारित विशेष कार्यक्रम

उद्देश्यः

⇒ स्थानीय जरूरत आधारित परियोजनाओं की मदद करना।

⇒ नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा अन्य मंत्रालय/संस्थाओं की परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आवश्यकता आधारित अंशदान राशि की प्रतिपूर्ति करने बाबत ।

⇒ प्राकृतिक आपदा, मानवजन्य आपदा अथवा विशेष परिस्थितियों में परियोजनायें शुरू करने के लिए क्षेत्र के कार्यालयों को वित्तीय सहायता करना।

राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रमों की संख्या : परियोजना की प्रकृति पर आधारित

टिप्पणीः

- **मंडल निदेशक/उपनिदेशक/जिला युवा समन्वयक स्थानीय पहल एवं इच्छा के आधार पर स्थानीय जरूरत के मुताबिक वित्तीय सहायता हेतु की जा सकने व्यवहारिक परियोजनायें प्रस्तुत कर सकते हैं।.**
- **परियोजना को महानिदेशक की अध्यक्षता वाली समिति स्वीकृति प्रदान करेगी ।**

बजट : रु. 50,00,000/–

****

नियमित कार्यक्रम (501 नेयुके)

जिला स्तरीय नियमित कार्यक्रम

(2010-11)

क्रम सं.	कार्यक्रम का नाम	ईकाई	राट्रीय लक्ष्य		जिला नेयुके के लिए कम से कम कार्यक्रम (लक्ष्य)						प्रति कार्यक्रम व्यय (रू. में)	स्तर	समय सीमा
			वास्तविक	वित्तीय (रू. में)	ब्लाक सहित जिला								
					0-5		6-14		15 एवं अधिक				
					वास्तविक	वित्तीय (रू. में)	वास्तविक	वित्तीय (रू. में)	वास्तविक	वित्तीय (रू. में)			
युवा ह्मस्र्व कार्यक्रह्म													
1.	युवा मण्डल सम्पर्क एवं फीडबेक कार्यक्रम	युवा मण्डल	300000	10000000	-	-	-	-	-	-	-	ब्लाक/ गांव	प्रथम एवं दूसरी तिमाही
2.	युवा नेताओं की बैठकें	बैठकें	2601	5202000	3	6000	5	10000	8	16000	2000	जिला/ उप जिला/ब्लाक	प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक
3.	युवा मण्डल आदान - प्रदान कार्यक्रम	आदान - प्रदान कार्यक्रम	251	17500000	-	-	-	-	-	-	-		दूसरी एवं तीसरी तिमाही
4.	युवा मण्डलों को सहायता अनुदान (एफएवाईसी, आरएससी, एओवाईसी, वाईडीसी एवं आरआईटीवाईडीसी)	युवा मण्डल	परियोजना प्रस्ताव के अनुसार	26596000	-	-	-	-	-	-	-		दूसरी एवं चौथी तिमाही
युवाओं का क्षह्मस्रा ग्रिर्ह्माऱ्													
5.	युवाओं का क्षमता निर्माण	प्रशिक्षण	परियोजना प्रस्ताव के अनुसार	50100000	प्रत्येक जिला नेयुके रू. 1,00,000/- का 110 युवाओं के प्रशिक्षण के लिए परियेजना प्रस्ताव तैयार करेंगे और उसे संबंधित मण्डल निदेशक को प्रस्तुत करेंगे । अनुमोदन के पश्चात जिला नेयुके प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे ।							जिला	दूसरी एवं तीसरी तिमाही
कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम													
6.	**200 सीमावर्ती प्रदेशों/ आदिवासी क्षेत्रों/अन्य पिछड़े जिलों में**	प्रशिक्षण		20000000									

क्रम सं.	कार्यक्रम का नाम	ईकाई	राट्रीय लक्ष्य		जिला नेयुके के लिए कम से कम कार्यक्रम (लक्ष्य)						प्रति कार्यक्रम व्यय (रू. में)	स्तर	समय सीमा
			वास्तविक	वित्तीय (रू. में)	ब्लाक सहित जिला								
					0-5		6-14		15 एवं अधिक				
					वास्तविका	वित्तीय (रू. में)	वास्तविक	वित्तीय (रू. में)	वास्तविक	वित्तीय (रू. में)			
	महिलाओं के लिए कौशल संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम												
(i)	दीर्घ आवधिक 2,00,000 (50% लागत प्रत्येक प्रतिभागी से उपभोक्ता प्रभार/ शुल्क के माध्यम से पूरी की जाए)	प्रशिक्षण	1000 (5 in each 200 Border/tribal/backward Districts)	-	-	-	-	-	-	-		गांव / ब्लाक	प्रथम तिमाही में केन्द्र में प्रचालन आरंभ हो जाना चाहिए
(II)	अल्प आवधिक 1,00,000 (50% लागत प्रत्येक प्रतिभागी से उपभोक्ता प्रभार/ शुल्क के माध्यम से पूरी की जाए)	प्रशिक्षण	1200 (6 in each 200 Border/tribal/backward Districts	-	-	-	-	-	-	-		गांव/ ब्लाक	दूसरी एवं तीसरी तिमाही
7.	50 जिलों में 200 जिलों के प्रतिभागियों को कवर करते हुये एनसीवीटी योजना के अर्न्तगत कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम	प्रशिक्षण	5000 युवा	57600000	-	-	-	-	-	-	-	ब्लाक/ जिला	दूसरी, तीसरी, एवं चौथी तिमाही
खॢँ प्रॉञ्ज्रख्रि कार्यक्रह्म													
8.	युवा मण्डलों के लिए खेल सामग्री का प्रावधान	खेल सामग्री	50058	100116000	78	156000	98	196000	128	256000	2000	गांव	प्रथम तिमाही
9.	ब्लाक खेल टूर्नामेन्ट	टूर्नामेन्ट्स	2601	39015000	3	45000	5	75000	8	120000	15000	ब्लाक	दूसरी एवं तीसरी तिमाही
10.	जिला खेल टूर्नामेन्ट	टूर्नामेन्ट्स	501	20040000	1	40000	1	40000	1	40000	40000	जिला	
राट्रीय एकीकरस़्ख, साह्मुग़ायिक सॉव़्र्ग़, सऱ्भावज्रा एवं शांख्रि													
11.	ब्लाक लोक सांस्कृतिक उत्सव	उत्सव	2601	26010000	3	30000	5	50000	8	80000	10000	ब्लाक	दूसरी एवं

क्रम सं.	कार्यक्रम का नाम	ईकाई	राट्रीय लक्ष्य		जिला नेयुके के लिए कम से कम कार्यक्रम (लक्ष्य)						प्रति कार्यक्रम व्यय (रू. में)	स्तर	समय सीमा
			वास्तविक	वित्तीय (रू. में)	ब्लाक सहित जिला								
					0-5		6-14		15 एवं अधिक				
					वास्तविक	वित्तीय (रू. में)	वास्तविक	वित्तीय (रू. में)	वास्तविक	वित्तीय (रू. में)			
12.	जिला लोक सांस्कृतिक उत्सव	उत्सव	501	10020000	1	20000	1	20000	1	20000	20000	जिला	तीसरी तिमाही
13.	जिला युवा पुरस्कार (व्यक्तिगत)	पुरस्कार	1002	5010000	2	10000	2	10000	2	10000	5000	जिला	दूसरी एवं तीसरी तिमाही
14.	महत्वपूर्ण राट्रीय/अन्तर्राट्रीय सप्ताह/दिवसों का आयोजन	दिवसों का आयोजन	5010	21042000	10	42000	10	42000	10	42000	42000 per NYK	जिला/ उप जिला/ ब्लाक	डीएसीवाईपी/ एएपी द्वारा स्वीकृत
15.	राट्रीय युवा दिवस/सप्ताह का आयोजन	युवा सप्ताह का आयोजन	4008	8016000	8	16000	8	16000	8	16000	16000 per NYK	जिला/ उप जिला/ ब्लाक	चौथी तिमाही
16.	कार्य शिविर	शिविर	2601	52020000	3	60000	5	100000	8	160000	20000	जिला/ उप जिला/ ब्लाक/ गांव	दूसरी/ तीसरी तिमाही
17.	जिला युवा सम्मेलन	सम्मेलन	501	10020000	1	20000	1	20000	1	20000	20000	जिला	चौथी तिमाही
अन्य													
18.	युवा कार्यक्रमों पर जिला सलाहकार समिति की बैठक (डीएसीवाईपी)	बैठक	2004	2004000	4	4000	4	4000	4	4000	1000	जिला	प्रत्येक तिमाही में एक
19.	अभिलेखीकरण	रिपोर्ट समेकित करना	501	2505000	1	5000	1	5000	1	5000	5000	जिला	चौथी तिमाही
	कुल योग			**482816000**		**554000**		**688000**		**889000**			

राज्य स्तरीय नियमित कार्यक्रम
(2010-11)

क्रम. सं.	कार्यक्रम का नाम	ईकाई	राट्रीय लक्ष्य		मण्डल के लिए कम से कम कार्यक्रम (लक्ष्य)	प्रति कार्यक्रम व्यय (रू. में)	स्तर	समय सीमा
			वास्तविक	वित्तीय (रू. में)				
युवा कार्यक्रमों के बारे में								
1.	युवाओं के लिए हस्तशिल्प प्रदर्शनी (युवा कृति) एवं राज्य स्तरी सांस्कृतिक उत्सव	प्रदर्शनी एवं उत्सव	28	11200000	1	4,00,000	मण्डल	तीसरी तिमाही
2.	राज्य युवा पुरस्कार (व्यक्तिगत)	पुरस्कार	70 (2 प्रति राज्य/के.शा.प्र.)	1050000	2	15,000	राज्य/केन्द्र शासित	दूसरी/तीसरी तिमाही
3.	समीक्षा सह योजना बैठक	बैठक	112	400000	-	रू. 200 की दर से प्रति उपनिदेशक एवं जिला युवा समन्वयक	मण्डल	प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक
अन्य								
4.	युवा कार्यक्रमों पर राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक (एसएसीवाईपी)	बैठक	58	174000	2	3,000	राज्य	एक तिमाही छोड़कर अगली तिमाही में एक
5.	अभिलेखीकरण	रिपोर्ट समेकन करना	28	560000		20000	मण्डल	चौथी तिमाही
	कुल			**13384000**				

राट्र स्तरीय नियमित कार्यक्रम

(2010-11)

क्रम सं.	कार्यक्रम का नाम	ईकाई	कार्यक्रमों की संख्या	कुल बजट (रू.)	समय सीमा
1.	राजीव गांधी एडवेंचर योजना	शिविर	50 शिविर	8300000	दूसरी एवं तीसरी तिमाही
2.	पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए युवा उत्सव	उत्सव	1	1000000	तीसरी तिमाही
3.	नेहरू युवा केन्द्र संगठन स्थापना दिवस/राट्रीय/ अन्तर्राट्रीय का आयोजन	दिवसों का आयोजन	6	1000000	कार्य योजना के अनुसार
4.	आवश्यकता पर आधारित विशो कार्यक्रम	परियोजना	परियोजना प्रस्ताव के अनुसार	5000000	--
	कुल योग			**15300000**	

वार्षिक कार्ययोजना 2010 - 11 के कार्यान्वयन के लिए कुल बजट

स्तर	**कुल** (रू. में)
जिला	**482816000**
राज्य	**13384000**
राष्ट्रीय	**15300000**
कुल	**511500000**

(रूपये इक्यावन करोड़ पद्रह लाख केवल)